जयपुर परिसर में युवा दिवस का आयोजन

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में दिनांक 12 जनवरी, 2024 को सक्षम युवा आयाम संस्था के द्वारा "राष्ट्रीय युवा दिवस" स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में "दिव्यांग सेवा संकल्प कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MNIT) जयपुर से श्री वीरेन्द्र सिंह मुख्य वक्ता, सक्षम संस्था के राष्ट्रीय सह युवा प्रमुख डॉ. अशोक सिंह सोलंकी विशिष्ट अतिथि तथा आदित्य बिरला ग्रुप से स्टेट साइकोलॉजिस्ट डॉ. हर्षिका गुप्ता सम्माननीय अतिथि रहे। डॉ. सोलंकी ने सभी का वाचिक स्वागत किया तथा सक्षम संस्था का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि यह संस्था दिव्यांगों के विकास, प्रोत्साहन में अतीव प्रयासपूर्वक संलग्न है।मुख्य वक्तृत्व में श्री सिंह ने स्वामी विवेकानंद जी के जीवन की विशिष्ट घटनाओं का उल्लेख करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने की तथा दिव्यांग जनों के मनोबल को बढ़ाने व उनकी सेवा करने की पवित्र भावना व्यक्त की। डॉ. हर्षिका ने दिव्यांगता अधिनियम में स्वीकृत मानसिक रोगों से परिचय कराया तथा मनोरोगियों की पहचान, उनके रोगों के निदान आदि पर अपना वक्तव्य दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में परिसर निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा जी ने उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को दिव्यांगों की सेवा करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया तथा स्वामी विवेकानंद जी की वर्तमान में प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का कुशल संचालन जैनदर्शन विभाग की प्राध्यापिका डॉ. श्रुति जैन ने किया। श्री कमल शर्मा, प्रो. वाई. एस. रमेश, प्रो. कमलेश कुमार जैन आदि गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की श्री वृद्धि की। कार्यक्रम के अंत में दर्शन विभाग की प्राध्यापिका डॉ. शारदा मुखर्जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सक्षम संस्था जयपुर, कार्यक्षेत्र राजस्थान
विश्व युवा दिवस 12 जनवरी 2024, शुक्रवार
(स्वामी विवेकानन्द जयंती)
के उपलक्ष्य में
(संसदः अधिनियमेन स्थापितः)
जयपुरपरिसरः, जयपुरम्

सक्षम संस्था जयपुर, कार्यक्षेत्र राजस्थान
विश्व युवा दिवस 12 जनवरी 2024, शुक्रवार
(स्वामी विवेकानन्द जयंती)
के उपलक्ष्य में
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
(संसदः अधिनियमेन स्थापितः)
जयपुरपरिसरः, जयपुरम्

सक्षम संस्था जयपुर, कार्यक्षेत्र राजस्थान
विश्व युवा दिवस 12 जनवरी 2024, शुक्रवार
(स्वामी विवेकानन्द जयंती)
केन्द्रीयसंस्कृतविश्वविद्यालयः
जयपुरपरिसरः, जयपुरम्
GPS Map Camera
Jaipur, Rajasthan, India
Central Sanskrit University Jaipur campus, triveni Nagar Jaipur Rajasthan
Lat 26.864065°
Long 75.777311°
12/01/24 03:12 PM GMT +05:30
Google